# जेवर एयरपोर्ट से जोड़ा जाएगा गंगा एक्सप्रेसवे

| **1000 करोड़ रुपये** | **76 किलोमीटर** | **4415 करोड़** |
| --- | --- | --- |
| की व्यवस्था की गई बजट में | लंबा होगा यह लिंक एक्सप्रेस-वे | रुपये होगी इसकी अनुमानित लागत |




■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ**

**जेवर एयरपोर्ट** को गंगा एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाएगा। इसके लिए बुलंदशहर होते हुए 76 किलोमीटर लंबा एक नया लिंक एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया जाएगा। सरकार ने बजट में इस परियोजना के लिए 1000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। इसे यमुना एक्सप्रेसवे के जरिए 24 किलोमीटर पहले से जोड़ा जाएगा। इसकी अनुमानित लागत 4415 करोड़ रुपये होगी।

वर्तमान में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे पश्चिम से पूर्व दिशा की तरफ प्रदेश के बीच से गुजर रहे हैं। फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे के जरिये बुंदेलखंड और गंगा एक्सप्रेसवे कनेक्ट होगा। ऐसे में यमुना एक्सप्रेसवे के नजदीक जेवर एयरपोर्ट को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा।

इस एक्सप्रेस-वे के बनने से मेरठ, बुलंदशहर के लोग कम समय में सीधे जेवर एयरपोर्ट तक पहुंच सकेंगे। साथ ही पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से आने वाले लोगों को भी लाभ मिलेगा। इसके अलावा सभी एक्सप्रेस-वे को एक दूसरे से जोड़ने से प्रदेश के अलग-अलग हिस्से से लोग आसानी से प्रदेश के एक कोने से दूसरे कोने तक पहुंच सकेंगे।

## दो एक्सप्रेस-वे पर बनेंगे 12 ई-वे हब



बजट में बुंदेलखंड और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर 12 ई-वे हब बनाए जाएंगे। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर 4 और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर 8 स्थान इसके लिए चिन्हित किए गए हैं। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर ई-वे हब बनाने के लिए बजट में 72 करोड़ और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे ई-वे हब निर्माण के लिए 144 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

## 800 करोड़ से होगा सुदृढ़ीकरण



आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के सुदृढ़ीकरण के लिए बजट में 800 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इस रकम से एक्सप्रेस-वे की छोटी-छोटी कमियों को दूर किया जाएगा। साथ ही एक्सप्रेस-वे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लगाने के लिए 10-10 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।